सत्यमेव जयते
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) -I, म.प्र.
भोपाल शाखा, 53 अरेरा हिल्स, होशंगाबाद रोड, भोपाल – 462011
दूरभाष : 0755-2554821, 2764037 फैक्स: 0755-2557452 ई-मेल: srdagaebhopal@cag.gov.in
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth
In Public Interest

क्रमांकःनि.वि.1/समूह-6/अवकाश/ 1728 दिनांकः 23.12.2021

प्रति,

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के सभी संभागीय कार्यालय एवं प्रशासक, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के सभी संभाग

विषयः संभाग में उपस्थिति संबधी पाक्षिक प्रतिवेदन(Fortnightly report)

लेख हैं कि इस कार्यालय में संभागीय अधिकारी के स्तर पर लगातार प्राप्त शिकायतों का अवलोकन एवं अध्ययन करने पर यह स्पष्ट हुआ है कि संभाग में पदस्थ संभागीय लेखापाल/संभागीय लेखा अधिकारी प्रायः अपने संभागीय कार्यालय से बिना अनुमति प्राप्त किये अपने मुख्यालय से बाहर रहते हैं एवं नियमित रूप से अपनी उपस्थिति संभागीय कार्यालय की उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं करते हैं ।

अतः उपरोक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में सभी संभागीय अधिकारियों को यह सूचित किया जाता है कि वे इस पत्र के जारी होने के दिनांक से प्रत्येक पन्द्रह कार्य दिवसों की संभागीय लेखापाल/संभागीय लेखा अधिकारी की उपस्थिति संबंधी पाक्षिक प्रतिवेदन मय मुख्यालय छोडने की अनुमति पूर्ण विवरण सहित तथा उपस्थिति पंजी की छायाप्रति इस कार्यालय को प्रेषित करने की व्यवस्था करें ।

यह पत्र वरिष्ठ उप महालेखाकार(निर्माण लेखा) द्वारा अनुमोदित हैं ।

23/12/2021

वरिष्ठ लेखा अधिकारी/नि.वि.1

क्रमांकःनि.वि.1/समूह-6/अवकाश/ 1729 दिनांकः 23.12.2021

प्रतिलिपिः

संभागीय लेखापाल, संभागीय लेखा अधिकारी ग्रेड-2,संभागीय लेखा अधिकारी ग्रेड 1 एवं वरिष्ठ संभागीय लेखा अधिकारी जो म प्र के विभिन्न निर्माण संभागों,एन.वी.डी.ए संभागों एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों(RES Divisions) में पदस्थ हैं को सूचनार्थ प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार वे उपस्थिति संबधी अपना पाक्षिक प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री के माध्यम से इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें ।

23/12/2021

वरिष्ठ लेखा अधिकारी/नि.वि.1